भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

04.02.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 440 का उत्तर

सीतामढ़ी और अयोध्या के बीच रेल कनेक्टिविटी

440. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रक्सौल, सिकटा, नरकटियागंज और बगहा होते हुए माता सीता जी की जन्मस्थली सीतामढ़ी और अयोध्या के बीच एक विशेष ट्रेन चलाने का विचार रखती है;

(ख) क्या इस संबंध में किसी जन प्रतिनिधि द्वारा कोई मांग की गई है; और

(ग) यदि हाँ, तो इस ट्रेन को कब तक चलाए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): अन्य बातों के साथ-साथ सीतामढ़ी और अयोध्या के बीच रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त किए गए हैं। इस समय, टर्मिनल की तंगी और मार्गवर्ती लाइन क्षमता संबंधी कठिनाइयों सहित परिचालनिक कठिनाइयों के कारण सीतामढ़ी से अयोध्या के बीच रक्सौल, सिकटा, नरकटियागंज और बगहा के रास्ते स्पेशल रेलगाड़ी सेवा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल में रेलगाड़ी सेवा शुरू करना सतत प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक संभाव्यता, संसाधनों की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि पर निर्भर करता है।

*****

Sk